# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक M/S S.K. Construction, (Reg. No. 1240263) Add:- Sushil Kumar Choudhary, At-Benta Road,Laheriyasarai, Darbhanga Pincode: 846001 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10426 दिनांक 26.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 06.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

14/11/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक M/S S.K. Construction, Add:- Sushil Kumar Choudhary, At-Benta Road,Laheriyasarai, Darbhanga Pincode: 846001 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 उपस्थित।

प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के अधीन MGSY योजनान्तर्गत Package No.- MGSY/ 25-26/Dharbhanga-1/04 (Tender Id-142953) की निविदा में संवेदक M/S S.K. Construction, (Reg. No. 1240263) द्वारा Audit Report में अंकित ATO एवं Civil Work की राशि गलत/भ्रामक अंकित किये जाने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 10426 दिनांक 26.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 06.10.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :–

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा वर्ष 2023–24 के Audit Report में Gross receipts from contract business Rs. 12,52,55,816.00 लाख अंकित है, परन्तु Online UDIN से verify करने के उपरान्त Total Turnover Rs. 84279664 लाख एवं Pan No. BJTPS0074H अंकित है जो कि निविदा में संलग्न निविदाकार के Pan No. ABRFS2874A से भिन्न है। साथ ही निविदा में संलग्न Audit Report में समाहित Civil Work से संबंधित Payment Certificate निविदा में सलंग्न नहीं रहने के कारण संबंधित निविदाकार/संवेदक से ATO एवं Civil Work की राशि के मिलान हेतु Payment Certificate/ 26AS वांछित अभिलेख की मॉग की गयी।
2. निविदाकार/संवेदक से ATO एवं Civil Work की राशि के मिलान हेतु Payment Certificate/ 26AS से संबंधित वांछित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया।
3. तद्‌लोक में संदर्भित निविदा में Audit Report में अंकित ATO एवं Civil Work की राशि गलत/भ्रामक होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 10426 दिनांक 26.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।

4. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 06.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया कि निविदा की सारी प्रक्रिया कैफे द्वारा की जाती है। साईबर कैफे द्वारा ही किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर उक्त निविदा में इनके विरूद्ध Audit Report में अंकित ATO एवं Civil Work की राशि गलत/भ्रामक अंकित कर दिया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के क्रम में संदर्भित निविदा में फर्जी कागजात समर्पित किये जाने के संबंध में क्षमायाचना करते हुए तथा इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त M/S S.K. Construction, (Reg. No. 1240263) से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10426 दिनांक 26.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त **(Set aside)** करते हुए संबंधित संवेदक के निबंधन (Reg. No. 1240263) को दिनांक 26.09.2025 से 03 (तीनः) माह के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–278/2025 11766 /पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–278/2025 11766 /पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–278/2025 11766 /पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

20/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव

निबंधत

ज्ञापांक:–14/अ0प्र0–14–278/2025 11766 /पटना, दिनांक 20.11.25

प्रतिलिपि:– संवेदक M/S S.K. Construction, (Reg. No. 1240263) Add:- Sushil Kumar Choudhary, At-Benta Road,Laheriyasarai, Darbhanga Pincode: 846001 को सूचनार्थ प्रेषित।

20/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–278/2025 11766 /पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव